महत्वपूर्ण एवं खास

रिश्ते को किया शर्मसार, कलयुगी पिता ने मासूम बेटी को बनाया हवस का शिकार

बलरामपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जहां कलयुग पिता ने खुद की 12 वर्षीय मासूम बेटी को हवस का शिकार बनाया। मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला बलरामपुर जिले के सनवाल क्षेत्र का है। बताया जा रहा कि घर से दूर जाकर तालाब के किनारे पिता अपनी बेटी के साथ अनाचार कर रहा था। घटना की जानकारी तब लगी जब मासूम चिल्लाने लगी। इसके बाद मां ने बेटी को बचाने के लिए दौड़ा। मां की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी पिता को रिमांड में लेकर जेल भेज दिया है।

श्मसानघाट में तांत्रिक क्रिया करते पूर्व सरपंच के साथ चार गिरफ्तार

तखतपुर-रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के तखतपुर थाना क्षेत्र के पुरेना गांव में ग्रामीणों ने तांत्रिक क्रिया करते पूर्व सरपंच सहित चार लोगों को पकड़ा गया। इस दौरान तांत्रिक समेत पूर्व सरंपच की ग्रामीणों ने जमकर धुनाई की. फिर सभी को पुलिस के हवाले किया.जानकारी के मुताबिक, बीती रात पूर्व सरपंच गांव के श्मशान घाट पर मछली, अंडा, बकरे का भेजा और देसी शराब रखकर तांत्रिक क्रिया करा रहे थे. इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सामानों को जब्त कर चार लोगों को तांत्रिक क्रिया करते पकड़ा. इस दौरान मौके से महिला सहित दो लोग फरार होने में कामयाब हो गए. ग्रामीणों ने तांत्रिक सहित पूर्व सरपंच की जमकर धुनाई की. इसके बाद चारों को पुलिस के हवाले किया.इस मामले में थाना प्रभारी देवेश राठौर ने बताया कि बीती रात ग्रामीणों से सूचना मिली कि कुछ लोग श्मशान घाट पर तांत्रिक क्रिया कर रहे. मामले की गंभीरता को देखते हुए पेट्रोलिंग टीम को भेजकर चार लोगों को थाने लाया गया है. जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फंदे पर लटकती मिली दो लोगों की सड़ीगली लाश

राजनांदगांव (आरएनएस)। जिले के डोंगरगांव थानाक्षेत्र के ग्राम आमगांव एवं बीजेपार के मध्य स्थित दुलारदाई डोंगरी में दो अज्ञात व्यक्तियों की सड़ीगली लाश फांसी के फंदे पर लटकती मिली है। मृतकों की पहचान नही हो पाई है। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के थाना डोंगरगांव पुलिस को दिनांक 31.12.24 को सूचना मिली कि ग्राम आमगांव एवं बीजेपार के मध्य स्थित दुलारदाई डोंगरी में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा फ ांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया हैं। सूचना पर थाना डोंगरगांव पुलिस टीम गठित कर मौके पर पहूंची और पाया कि दो अज्ञात व्यक्ति पेंड़ पर स्कार्फ का फ ंदा बनाकर फ ांसी लगा ली थी। पुलिस के अनुसार शव पुरी तरह से सड़ी गली अवस्था में था जिसके कारण शवों की पहचान नही हो पाया हैं शव पुरी तरह कंकाल मे तब्दील हो गया हैं। दोनो पैंट शर्ट पहने हुये हैं। घटना स्थल थाना डोंगरगांव से दक्षिण पश्चिम दिशा मे लगभग 11 किलोमीटर की दुरी पर स्थित हैं। उक्त मामले मे थाना डोंगरगांव मे मर्ग कायम कर जांच कार्यावाही मे लिया गया हैं।

सर्पदंश के एक प्रकरण में सहायता राशि स्वीकृत

रायगढ़। ग्राम-मदनपुर तहसील खरसिया के बलराम विश्वकर्मा की 7 सितम्बर 2023 को सर्पदंश के कारण मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन एवं एसडीएम खरसिया के प्रकरण पश्चात राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के तहत मृतक के पिता माधो विश्वकर्मा को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

आश्रमों–पोटाकेबिनो में साल भर में अलग-अलग बीमारियों से हुई 10 बच्चों की मौत

विधानसभा में भी गूंजा मुद्दा, पर अबतक व्यवस्था में कोई सुधार नहीं

बीजापुर। आरएनएस

जिले में साल 2024 में अलग-अलग आश्रम- छात्रावास में दस बच्चों की मौत हुई हैं। आठ बच्चों की मौत बीमारी, एक की मौत का कारण आत्महत्या तो वहीं एक बच्ची की मौत जलने से हुई थी।

बीजापुर जिले में साल 2024 में अलग-अलग आश्रम- छात्रावास में दस बच्चों की मौत हुई हैं। आठ बच्चों की मौत बीमारी, एक की मौत का कारण आत्महत्या तो वहीं एक बच्ची की मौत जलने से हुई थी। इन बच्चों की मौत से आश्रम-छात्रावास की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इन सवालो के बाद कई दौर की जांच भी सालभर तक होती रही। लेकिन जांच बेनतीजा ही साबित हुई। दरअसल आश्रम छात्रावास में बच्चों को मिलने वाली सुविधा के साथ ही खाने-पाने की गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे है। मौत के प्रमुख कारणों में बच्चों का बीमार होना है। उल्टी, दस्त और फूड प्वाइजनिंग जैसे कारणों से बच्चों की मौत से स्पष्ट होता है कि लापरवाही तो हुई है। अगर बच्चों को बेहतर सुविधा के साथ खानपान की अच्छी गुणवत्ता मिलती तो शायद वे सलामत होते।

पोटाकेबिन में आग लगने से हुई थी बच्ची की मौत

आवापल्ली स्थित पोटाकेबिन में 6 मार्च को आग लगने से एक बच्ची की मौत हो गई थी। इस मामले के बाद पोटाकेबिन की सुरक्षा पर सवाल खड़े हुए थे। दरअसल पोटाकेबिन में आग लगने की घटनाओं से निपटने के कोई इंतजाम नहीं हैं। उस वक्त इस संबंध में आदेश भी जारी किए गए,लेकिन आज भी पोटाकेबिन का संचालन लापरवाही के साथ हो रहा है।

जिले में आश्रमों–पोटाकेबिनों में लगातार हो रही बच्चो की मौतों का मामला विधान सभा में क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी ने उठाया था,और जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की थी,परंतु आज पर्यंत तक कोई कार्यवाही नहीं हुई,ना ही आश्रमों और पोटाकेबिनो की व्यवस्था में सुधार हुआ है। हुआ तो सिर्फ पुराने अधीक्षकों को हटाकर नए अधीक्षक की पोस्टिंग,

जिले में विपक्षी पार्टियां हमेशा आरोप लगाती रही हैं कि पोटाकेबिन और आश्रम-छात्रावास का अधीक्षक बनने के लिए जिले में बोली लगती है। एक मोटी रकम सालाना तक का तय है। इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है, कि आश्रम- छात्रावास में बच्चों का कितना ख्याल रखा जाता है। उनकी सेहत जिम्मेदारों के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। बच्चों की सेहत से खिलवाड़ का सिलसिला उन्हें परोसे जाने वाले घटिया खाने से होता है। आए दिन आश्रम-छात्रावासों से ऐसी तस्वीरें सामने आती हैं जब बच्चों को गुणवत्ताहीन खाना परोसा जाता है।

जिले में ट्राइबल आश्रम 137, 51 छात्रावास

जिले में 34 आवासीय पोटाकेबिन विद्यालय

छात्रावास में 15000 बच्चे आश्रम

पोटाकेबिन में 12000 से अधिक बच्चे

जिले के इन आश्रम- छात्रावास में बच्चों की मौत हुई

27 फरवरी जेवियर कुजूर 13 वर्ष 7वी का छात्र- प्री. मैट्रिक बालक छात्रावास चेरागंगी (फांसी लगाकर आत्महत्या)

6 मार्च लिप्सा. 04 वर्ष आवासीय बालिका पोटाकेबिन तिम्मापुर (पोटाकेबिन में आग लगने की वजह से जलकर मौत हो गई।

19 अप्रैल रजनी यालम 20 वर्ष छात्रा की ईलाज के दौरान मौत हुई तारलागुड़ा की रहने वाली थी।

12 जुलाई दीक्षिता रेगा उम्र- 09 वर्ष कक्षा चौथी आवासीय बालिका पोटाकेबिन तारलागुड़ा (मलेरिया से मौत)

14 जुलाई वेदिका जव्वा 4 वर्ष कभा तीसरी आवासीय बालिका पोटाकेबिन संगमपली (मलेरिया से मौत)

08 अगस्त अनिता कुरसम 04 वर्ष कक्षा-दूसरी 6 कन्या आश्रम बेदरे (बुखार और उल्टी दस्त)

27 सितंबर राकेश पुनम 08 वर्ष कक्षा पहली - आवासीय विद्यालय दुगईगुडा (उल्टी दस्त से)

10 दिसंबर शिवानी उम्र माता रुकमणी कन्या आवासीय आश्रम धनोरा (फूड पाईजनिंग से मौत)

11 दिसंबर विमला कवासी कक्षा- 10वीं 15वर्ष आवासीय कन्या पोटाकेबिन नेमेड (सिक लिंग पेन)

16 दिसंबर टंकेश्वर नाग कक्षा चौथी आवासीय बालक स्कूल भटवाड़ा (मलेरिया से मौत)

नवा रायपुर में खुलेगा संजीवनी रिसर्च फाउंडेशन का केंद्र

रायपुर। आरएनएस

नवा रायपुर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) ने नवा रायपुर में सत्य साईं रिसर्च सेंटर के लिए भूमि आवंटित करने की पहल शुरू कर दी है। बच्चों की फ्री हार्ट सर्जरी और इलाज की सुविधा देने वाले सत्य साईं संजीवनी रिसर्च फाउंडेशन का यहां केंद्र खुलेगा।

इसे अत्याधुनिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर के रूप में विकसित करेंगे। मरीजों के स्वजनों के लिए आवासीय सुविधा होगी, ताकि उपचार के दौरान ठहर सकें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मार्गदर्शन और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में नवा रायपुर को देश का प्रमुख मेडिकल हब बनाने के प्रयास जारी है।

इसी क्रम में एनआरडीए ने सत्य साईं संजीवनी अस्पताल को रिसर्च सेंटर के लिए भूमि आवंटित करने का प्रस्ताव तैयार किया है। इसे कैबिनेट में भी लाया जाएगा। ये अस्पताल ऐसा है, जहां बिलिंग काउंटर ही नहीं है। इसके अलावा के रहने-खाने का कोई शुल्क नहीं लगता है। यहां इलाज कराने के लिए विदेश से भी मरीज आते हैं।

नवा रायपुर को मेडिकल सिटी बनाने के लिए काम किया जा रहा है। हमारी कोशिश जरूरतमंदों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगी। -ओपी चौधरी, वित्त एवं आवास मंत्री

बच्चों की हृदय संबंधी बीमारियों के इलाज में मददगार

साल 2022 में स्थापित सत्य साईं संजीवनी रिसर्च फाउंडेशन होमोग्राफ्ट इम्प्लांटेशन, बच्चों की हृदय सर्जरी और दुनिया के सबसे बड़े हार्ट टिशू और सीरम बायो-बैंक का संचालन करता है। यहां संगृहीत डाटा बच्चों की हृदय संबंधी बीमारियों के इलाज में मददगार साबित हो रहा है।

हाल ही में कोरबा के एक बच्चे का दिल उत्तर प्रदेश के एक बच्चे को प्रत्यारोपित किया गया, जो अंगदान और चिकित्सा की उन्नति को दर्शाता है। अब तक फाउंडेशन ने 34,000 से अधिक सर्जरी की है। रायपुर केंद्र में 18,000 सर्जरी पूरी हुई हैं, जिनमें से 4,000 छत्तीसगढ़ के बच्चों की हैं।

200 बच्चों की रोजाना होती है जांच

100 बेड के सत्य साई संजीवनी अस्पताल में रोजाना 200 बच्चों की जांच होती है। यहां पर बच्चों की जांच की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसमें से एक हाई क्वालिटी की फीटल इकोकार्डियोग्राफी भी है, जो कि गर्भावस्था के समय मां के गर्भ में पल रहे बच्चे में दिल की किसी बीमारी का पता लगाने के लिए की जाती है।

डबल मर्डर, पुराने विवाद में युवकों ने एक दूसरे पर किया था पत्थरों से हमला

रायपुर। आरएनएस

में न्यू ईयर से पहले डबल मर्डर हुआ है। चंगोराभांटा इलाके में दो युवकों की पत्थर से मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान कृष्णा यादव और सचिन बडोले के रूप में की गई है।

डीडी नगर थाना पुलिस ने हत्या के मामले में छह आरोपियों को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार, कृष्णा यादव और सचिन का चंगोराभांटा में सोमवार को पुरानी बात पर विवाद हुआ था। दोनों ने एक दूसरे पर पत्थरों से हमला किया था। हमले में कृष्णा और सचिन गंभीर घायल हो गए थे। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। क्षेत्र में तनाव की माहौल है। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

200 मीटर दूर हत्या

कृष्णा और सचिन के बीच विवाद हुआ। इस दौरान सचिन के अन्य साथी पहुंच गए और विवाद के दौरान पत्थर से हमला कर दिया। इससे कृष्णा गंभीर रूप से घायल हो गया। सचिन वहां से भाग निकला। कृष्णा के साथियों ने 200 मीटर दूरी पर उसे घेर लिया और उसकी भी पत्थर से मारकर हत्या कर दी।

फॉरेंसिक की टीम मौके पर

सूचना मिलने पर आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक की टीम को भी बुलाया गया। सबूत जुटाए जा रहे हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने निशानदेही पर छह आरोपियों को हिरासत में लिया है।

तेज रफ्तार हाइवा ने दो मासूमों को रौंदा

रायपुर। आरएनएस

राजधानी रायपुर से लगे धरसीवां इलाके में दर्दनाक सडक़ हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई. रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर सांकरा से सिमगा सिक्स लाइन पर देर रात ट्रक चालक ने जानबूझकर सडक़ किनारे बैठे तीर्थ यात्रियों के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे दो बच्चों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. वहीं 13 लोग घायल हो गए.जानकारी के मुताबिक, घटना सांकरा से सिमगा सिक्स लाइन पर सिलतरा ओवरब्रिज के ऊपर हुई. धमतरी का साहू परिवार अमरकंटक की यात्रा कर कार से वापस धमतरी की ओर आ रहा था। अचानक गाड़ी में कुछ खराबी आने से साहू परिवार सिक्स लाइन किनारे गाड़ी खड़ी कर सुधार रहा था. सभी यात्री सडक़ किनारे बैठे हुए थे, तभी सीमेंट से सीमेंट लेकर आ रहे ट्रक क्रमांक 8811 के चालक महेंद्र कुमार ने सडक़ किनारे की पट्टी पर गाड़ी दौड़ाते हुए सडक़ किनारे बैठे तीर्थ यात्रियों को रौंद दिया। घटना की सूचना मिलते ही सिलतरा पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया. वहीं घायलों को अस्पताल पहुंचाया. इस घटना में मोनिका साहू पिता धर्मेंद्र साहू उम्र 14 वर्ष एवं आराध्य साहू उम्र 12 वर्ष निवासी धमतरी की मौके पर ही मौत हो गई.

वहीं प्रार्थना साहू, निशा साहू, निर्मला साहू, धर्मेंद्र साहू, ललित साहू, माही साहू, ओम प्रकाश, गीतांजलि, दीक्षा, रितेश, प्रेरणा एवं चालक नरोत्तम कुल 13 तीर्थ यात्री घायल हो गए. घायलों में कुछ की हालत गंभीर है. सभी को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर के मेकहारा और निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है.

मिडिल क्लास को मिलेगी राहत, छत्तीसगढ़ में 'हाईराइज' के नियम में बदलवा से फ्लैट्स और मकानों की कीमतें कम होने की संभावना

रायपुर। आरएनएस

राज्य सरकार ने बड़े आवासीय और कमर्शियल कांप्लेक्स के निर्माण के लिए ग्राउंड कवरेज एरिया 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया है. यह कदम छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 24 साल बाद पहली बार उठाया गया है. अब तक बिल्डरों को अपने प्रोजेक्ट के कुल एरिया की 70 प्रतिशत जमीन विभिन्न कार्यों के लिए छोडऩी पड़ती थी, लेकिन अब सिर्फ 60 प्रतिशत जमीन छोडऩी होगी.

इस नए नियम के तहत अब 40 फीसदी प्लॉट एरिया में मकान या फ्लैट बनाए जा सकेंगे. इसके अलावा, हाईराइज बिल्डिंग बनाने के नियमों में भी बदलाव किया गया है. नए नियम के तहत, यदि किसी प्रोजेक्ट में सडक़ की चौड़ाई 12.5 मीटर तक है, तो बिल्डरों को 8 मंजिल तक कमर्शियल बिल्डिंग बनाने की अनुमति दी जाएगी. इससे पहले सिर्फ 5-6 मंजिल की इमारतों की अनुमति मिलती थी.

इन दोनों बदलावों से सबसे बड़ा फायदा आम लोगों को होगा. निर्माण के लिए बिल्डर्स को ज्यादा जमीन मिलने से फ्लैट्स और मकानों की निर्माण लागत में कमी आएगी, जिसका सीधा असर उनकी कीमतों पर पड़ेगा. इसके परिणामस्वरूप मिडिल क्लास परिवारों को अफोर्डेबल हाउसिंग की सुविधा मिलेगी. इस निर्णय को मिडिल क्लास के लिए बड़ा कदम माना जा रहा है. नियमों में संशोधन की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है.

आईएएस अफसरों को मिला नए साल में पदोन्नति का तोहफा

रायपुर। आरएनएस

राज्य शासन ने नए साल से पहले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को पदोन्नति का तोहफा दिया है। 2012 बैच के आईएएस अधिकारियों को प्रमोट किया है। अब उन्हें संयुक्त सचिव से विशेष सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें नवीन पदस्थापना दी गई है।

इन्हें मिली पदोन्नति

रजत बसल – भा.प्र.से. (2012), रितेश कुमार अग्रवाल - भा.प्र.से. (2012), अभिजीत सिंह -भा.प्र.से. (2012), रणबीर शर्मा - भा.प्र.से. (2012) पुष्पेन्द्र कुमार - मीणा, भा.प्र.से. (2012), तारन प्रकाश सिन्हा -भा.प्र.से. (2012), इफ्फत आरा -भा.प्र.से. (2012) दिव्या उमेश मिश्रा -भा.प्र.से. (2012), पुष्पा साहू -भा.प्र.से. (2012), संजय अग्रवाल – भा.प्र.से. (2012)।

इसके अलावा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए आईएएस शिव अनंत तायल को प्रोफॉर्मा पदोन्नति दी गई है।

2016 बैच के इन अधिकारियों को मिली पदोन्नति

रवि मित्तल - भा.प्र.से. (2016), राहुल देव -भा.प्र.से. (2016), विनय कुमार लंगेह – भा.प्र.से. (2016), जयश्री जैन -भा.प्र.से. (2016), चंदन संजय त्रिपाठी -भा.प्र.से. (2016), प्रियंका महोबिया - भा.प्र.से. (2016), डॉ. फरिहा आलम -भा.प्र.से. (2016), रोक्तिमा यादव - भा.प्र.से. (2016), दीपक कुमार अग्रवाल -भा.प्र.से. (2016), तुलिका प्रजापति-भा.प्र.से. (2016), अरविन्द कुमार एक्का-भा.प्र.से. (2016), लीना कमलेश मंडावी – भा.प्र.से. (2016), संतन देवी जांगड़े-भा.प्र.से. (2016), संजय कन्नौजे -भा.प्र.से. (2016), सुखनाथ अहिरवार – भा.प्र.से. (2016)-भगवान सिंह उडक़े-भा.प्र.से. (2016), पदमिनी भोई – भा.प्र.से. (2016),गोपाल वर्मा – भा.प्र.से. (2016), 2021 बैच के इन अधिकारियों को मिली पदोन्नति जयंत नाहटा-भा.प्र.से. (2021),वासु जैन-भा.प्र.से. (2021)।

दो दर्जन से अधिक दोपहिया वाहन चोरी करने वाला गिरोह के आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। आरएनएस

दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेन्द सिंह द्वारा रायपुर जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर आरोपियों को पकडऩे हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस हेतु एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की एक विशेष टीम का गठन कर वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर पकडऩे हेतु भी लगाया गया है। जिस पर एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की विशेष टीम द्वारा वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के संबंध में मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन करने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी इस संबंध में सूचना एकत्र कर वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर पकडऩे के प्रयास किये जा रहे थे। इसी तारतम्य में दिनांक 26.12.2024 को एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की विशेष टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत ईदगाहभाठा पास कुछ व्यक्ति अपने पास 02 से 03 दोपहिया वाहन रखें है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहें है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डी.आर. पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक अमन झा(भा.पु.से.) एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा सूचना की तस्दीक कर प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी आजाद चौक को आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों एवं वाहन की पतासाजी करते हुए चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम रोशन नाडार, नीरज नायक, लकेश टाण्डेकर, जनक ताण्डी उर्फ जॉनी, अभिषेक पटेल एवं विक्की टाण्डेकर निवासी रायपुर का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा सभी 06 से वाहन के कागजात के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा गोल-मोल जवाब देकर लगातार टीम को गुमराह करने का प्रयास करते हुए वाहन के संबंध में किसी प्रकार का कोई भी कागजात या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा सभी से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा वाहन को शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी करना बताया गया है। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा सभी 06 को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 12 नग दोपहिया वाहन को जप्त किया गया एवं दोपहिया वाहन चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपने साथी आरोपी विक्की टाण्डेकर एवं जनक ताण्डी उर्फ जॉनी जो चित्रो ताण्डी निवासी भालूमूड़ा उड़ीसा के माध्यम से उड़ीसा में बिक्री करना बताया गया है। जिस पर पुलिस टीम के सदस्यों 04 आरोपी रोशन नाडार, नीरज नायक, लकेश टाण्डेकर, एवं अभिषेक पटेल एवं विक्की टाण्डेकर को न्यायीक हिरासत में लिया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU